जोर का झटका..., होटल-होम स्टे संचालकों पर कमर्शियल फटका

सरचार्ज में छूट, निगम ने तय किया 21 करोड़ का लक्ष्य, बड़े बकायदारों पर सख्ती, कुर्की और अवैध कनेक्शन काटने के निर्देश

उज्जैन । महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारी चल रही है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया था तो शहर में होटल होमस्टे की बाढ़ आ गई। लोक किराए के घरों में रहने चले गए और खुद के घरों को होम स्टे बना लिया। कई लोगों ने लोन लेकर जमीन खरीदी प्लाट खरीदे और होटल तान लिए अब हालात यह है कि हर गली मोहल्ले में होम स्टे और होटल बन गए हैं। कइयों की हालत इसलिए भी पतली है क्योंकि होटल होमस्टे संचालन का नॉलेज नहीं है। इधर नगर निगम ने अब कमर्शियल टैक्स वसूलने की तैयारी कर ली है। यही कारण है कि लोक अदालत में 9 मई को समझौते के आधार पर टैक्स जमा किए जा सकेंगे।

नगर निगम के सभी झोन कार्यालयों में 9 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष अभियान में संपत्तिकर और जलकर के बकाया मामलों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने बकाया कर जमा कर सरचार्ज में दी जा रही छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह और उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने विभागीय समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए। बड़े बकायदारों से लगातार संपर्क कर उन्हें भुगतान के लिए प्रेरित किया जाए, वहीं भुगतान न करने वालों पर कुर्की की कार्रवाई भी की जाए। नगर निगम ने साफ कहा कि अवैध जल कनेक्शनों पर रोजाना कार्रवाई की जाए। शहर में संचालित होटल और होमस्टे से कमर्शियल दर पर टैक्स वसूली सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण भी प्राथमिकता में रखा गया है। नेशनल लोक अदालत के तहत संपत्ति कर में 19 करोड़ और जलकर में 2 करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 6000 से अधिक रसीदें जारी करने की तैयारी है। निगम का अमला अब घर-घर जाकर करदाताओं को समझाइश देने में जुटेगा।

लोक अदालत में छूट का पूरा गणित

संपत्ति कर पर भी छूट मिलेगी। यदि 50 हजार तक बकाया है तो 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी होगी, 50 हजार से 1 लाख तक 50 प्रतिशत छूट, 1 लाख से अधिक 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। जलकर पर 10 हजार तक 100 प्रतिशत छूट मिलेग, 10 हजार से 50 हजार तक 75 प्रतिशत छूट मिलेगी। 50 हजार से अधिक 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। नगर निगम में सभी तरह के कर जो जमा होंगे उसमें सिर्फ एक बार ही छूट दी जाएगी ताकि योजना का और लाभ का कोई दुरुपयोग ना करें। इस तरह की लोक अदालत में आपसी सहमति से समाधान होता है। समय की बचत होती है, सालों के केस एक दिन में खत्म, पैसे की बचत वकील, कोर्ट फीस और सरचार्ज से राहत मिलती है आपसी समझ बढ़ती है, विवाद खत्म, होकर रिश्ते मजबूत होते है, कोर्ट का बोझ कम होता है।

निगमायुक्त ने कहा छूट का लाभ लें

नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि नागरिकों को फायदा पहुंचे। एक ही समय एक ही छत के नीचे सारी समस्याओं का समाधान हो, सरचार्ज से छूट मिले और किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए 9 मई को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सभी को इसका लाभ लेना चाहिए। करदाता 09 मई का इंतजार न करें, अभी से बकाया जमा कर छूट का लाभ लें और लोक अदालत में अपने प्रकरणों का सरल, त्वरित और सस्ता समाधान प्राप्त करें।

प्राणघातक हमले में शामिल चार आरोपियों को भेजा जेल

मामला गुर्जर समाज के 2 पक्षों में विवाद का

- वर्ष 2024 से चली आ रही थी समाजजनों में रंजिश

उज्जैन। पुरानी रंजिश में प्राण घातक हमला करने वाले 4 आरोपियों को 45 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व में चारों आरोपियों के 8 साथियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

माकड़ोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि भगवतपुर में रहने वाले गुर्जर समाज के 2 पक्षों में वर्ष 2024 से रंजिश चली आ रही थी। 6 मार्च को दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने पर एक पक्ष के 12 लोगों ने मिलकर दिनेश पिता इंदरसिंह गुर्जर 19 साल, हिन्दूसिंह पिता समंदरसिंह गुर्जर 80 साल और विनोद पिता इंदरसिंह गुर्जर 25 साल पर हथियार-लाठी से जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में करणसिंह गुर्जर की शिकायत पर सोनू उर्फ सोहन पिता जगदीश, ईश्वर पिता रुगनाथ, घनश्याम पिता मानसिंह, आत्माराम पिता मानसिंह, मोकम पिता प्रहलाद, सचिन पिता होकम, तुफान पिता जगदीश, विष्णु पिता प्रहलाद, कालू पिता रुगनाथ, नाना उर्फ नरेन्द्र पिता जगदीश, भगत उर्फ देवीसिंह पिता मायाराम, और निर्भय उर्फ नाना उर्फ नरेंद्र पिता जगन्नाथ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 8 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। 11 और 22 मार्च को 8 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। चार आरोपी आत्माराम, नाना उर्फ नरेन्द्र, तूफान और जगदीश उर्फ सीताराम फरार चल रहे थे। चारों को मंगलवार सुबह भगवतपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर में चारों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

निजी अस्पताल में घायल की मौत पर परिजन का हंगामा

- दुर्घटना में घायल को एम्बुलेंस निजी अस्पताल लेकर पहुंची

उज्जैन। दुर्घटना में घायल को एम्बुलेंस निजी अस्पताल लेकर पहुंची। परिजनों के आने पर घायल युवक से बातचीत की गई लेकिन कुछ घंटे बाद ही युवक की मौत हो गई परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले में जांच का आश्वासन दिया है। मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया जा रहा है कि उन्हेल के ग्राम करनावद में रहने वाला प्रताप पिता शंकर लाल आंजना 20 साल रिश्तेदार के यहां ग्राम तालोद में आयोजित गोद भाई के कार्यक्रम में आया था। रात में वापस लौटते समय लाल गेट के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची घायल को शासकीय अस्पताल लाया जाना था। लेकिन उसे एंबुलेंस चालक फ्रीगंज स्थित माधव नगर थाने के सामने निजी अस्पताल लेकर पहुंच गया। परिजन रात 2 बजे सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे और घायल प्रताप से बातचीत की उसकी हालत सामान्य दिखाई दे रही थी। लेकिन कुछ देर बाद अस्पताल स्टाफ ने परिवार को आईसीयू कक्ष से बाहर कर दिया। तड़के 4 बजे परिजनों ने फिर से मिलने का प्रयास किया, लेकिन आईसीयू कक्ष का दरवाजा नहीं खोला गया। काफी देर बाद दरवाजा खोला गया तो प्रताप की सांस थम चुकी थी। उसे वेंटिलेटर पर ले जाया गया लेकिन वेंटिलेटर भी बंद था। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

पुलिस ने दिया जांच का आश्वासन

हाई डोज का आरोप

परिजनों का कहना था कि अस्पताल द्वारा हाई डोज दिया गया है। जिसके चलते उसकी मौत हुई है। बुधवार सुबह मामले की जानकारी लगने पर पुलिस अस्पताल पहुंची इस दौरान परिजनों का कहना था कि अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने पर ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। दोपहर 12 बजे तक निजी एमपी अस्पताल में हंगामा जारी था। पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया।

श्री अष्टविनायक मंदिर का प्रथम पाटोत्सव आज

उज्जैन। श्री हाटकेश्वर विहार मार्ग स्थित गौरीसन होटल और रिसॉर्ट के पास बने श्री अष्टविनायक मंदिर का प्रथम वर्षगांठ उत्सव 23 अप्रैल गुरुवार को पाटोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान अष्टविनायक से संपूर्ण विश्व में शांति की कामना की जाएगी। आयोजन के दौरान बिहार के सुप्रसिद्ध भजन गायक धीरजकांत की शानदार भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। श्री अष्टविनायक धाम के प्रमुख सेवक पंडित हेमंत व्यास ने बताया कि मंदिर का प्रथम पाटोत्सव विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। इस मंदिर में महाराष्ट्र के प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अष्टविनायक की तर्ज पर आठों विनायकों की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। श्रद्धालु अब महाराष्ट्र जाए बिना ही अष्टविनायक के दर्शन लाभ उज्जैन में ले सकते हैं। मंदिर की स्थापना के मात्र एक वर्ष के भीतर ही यह गणेश उपासना का प्रमुख केंद्र बन गया है।

जनकल्याण के लिए गणेश महायज्ञ होगा

मंदिर सेवक पं. संजय व्यास और पं. शैलेंद्र व्यास ने बताया कि गुरुवार को कई धार्मिक आयोजन होंगे। प्रात: 9 बजे से भगवान का अभिषेक और पूजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे विश्व शांति और जनकल्याण के लिए गणेश महायज्ञ प्रारंभ होगा। शाम 7 बजकर 30 मिनट पर महाआरती की जाएगी और इसी दौरान शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक विशाल भंडारा व महाप्रसादी का वितरण होगा। रात्रि 8 बजे बिहार से आए प्रसिद्ध भजन गायक धीरजकांत भजनों की प्रस्तुति देंगे।

एक नजर में

माली समाज के 10 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

उज्जैन। क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस पुनीत आयोजन में समाज के 10 युवक-युवतियां परिणय सूत्र में बंधे। विवाह सम्मेलन की पूर्व भजन संध्या पर युवा माली समाज उज्जैन के अध्यक्ष अभिषेक देवड़ा एवं समाज अध्यक्ष मोती सेठ भाटी के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन में पूरे मध्यप्रदेश से भारी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की। मुख्य रूप से इंदौर, महू, मंदसौर, नीमच, नागदा, हाटपिपल्या, बागली और रतलाम सहित प्रदेश भर के लगभग 5000 समाजजन उपस्थित थे। समाजजनों के इस व्यापक सम्मेलन में कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। इस गरिमामय समारोह में विष्णु कुमार सांखला, हिम्मत बागड़ी, मोती सेठ भाटी, जितेन्द्र देवड़ा, मनोहर गेहलोत, मुकेश गेहलोत और देवेन्द्र बागड़ी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाजसेवी वीरेन्द्र गेहलोत ने प्रदान की।

नवदंपत्तियों को मिली गृहस्थी की सामग्री

उज्जैन। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर धार्मिक राजधानी उज्जैन में भील ठाकुर समाज सामूहिक विवाह समिति द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। नरसिंह घाट स्थित भील ठाकुर धर्मशाला में आयोजित इस समारोह में हिंदू रीति-रिवाज और पूरे विधि-विधान के साथ 7 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। यह आयोजन समाजसेवी तेजा बाई मधु सिंह मकवाना के आशीर्वाद, भूरालाल पंवार के मार्गदर्शन और प्रकाश परमार के संयोजन में संपन्न हुआ। विवाह समारोह में नवदंपत्तियों को कन्यादान के रूप में मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने-चांदी के जेवर, गोदरेज अलमारी, पलंग, टेबल फैन, कूलर, प्रेस, मिक्सर और बर्तन सहित कई जीवन उपयोगी सामग्रियां भेंट की गईं। इससे पूर्व मंचीय कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं दानदाताओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर तूफान सिंह बामनिया, रवि परमार, अशोक पंवार, बाबूलाल डाबी, उमराव डाबी, मुकेश गोयल, रामप्रसाद बामनिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कल संकुल हाल में गूंजेंगे यादगार नगमे

उज्जैन। स्वर सृजन ग्रुप द्वारा 24 अप्रैल शुक्रवार को स्वर संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शुक्रवार शाम 6.30 बजे से कालिदास अकादमी के संकुल हाल में शुरू होगा। जिसमें कलाकार गीतों की प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी देते हुए आयोजक व निर्देशक अदिति आनंद निगम व हर्षा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति उज्जवल बनर्जी भोपाल द्वारा दी जाएगी। साथ ही मलय बनर्जी, सुनील मिमरोट, तृप्ति वैद्य, हर्ष मिश्रा, केके पांडा, संदीप व्यास स्थानीय गायक भी गीतों की प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन शेफाली चतुर्वेदी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशा सिंह चौहान व जय राज मंडेरिया, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, महेश सितलानी, हेमंत व्यास व समीर उल हक होंगे। कार्यक्रम में स्वर सृजन कला सम्मान रघुनाथ सूर्यवंशी जी को दिया जाएगा। संगीत संयोजन प्रफुल्ल और टीम का रहेगा। साउंड गोयल और टिम का रहेगा।

बाल विवाह की शिकायत पर युवक के साथ मारपीट

उज्जैन। नाबालिग की शादी की शिकायत युवक द्वारा महिला बाल विकास आयोग को की गई। नाबालिग का विवाह रोक दिया गया। इसी बात पर परिजनों ने युवक को नाबालिग के माध्यम से बुलाया और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

इंदौर रोड स्थित ग्राम नवाखेड़ा में रहने वाली नाबालिग का विवाह परिजनों द्वारा पीथमपुर में आयोजित सामूहिक सम्मेलन में किया जा रहा था, मंगलवार को विवाह होना था, इससे पहले ही महिला बाल विकास आयोग की टीम पहुंच गई। जांच में मामला सही पाया गया और नाबालिग का विवाह रुकवा दिया गया। विवाह रुकने पर नाबालिग के परिजन आक्रोशित हो गए उन्हें जानकारी मिली कि महिला आयोग को शिकायत बापू नगर में रहने वाले सीताराम पिता राजीव दास मालवीय ने की थी। रात में परिजनों ने दबाव बनाकर नाबालिग के माध्यम से सीताराम को तपोभूमि के समीप मिलने के बहाने बुलवाया। सीताराम अपने दोस्त विशाल के साथ तपोभूमि पहुंचा जहां पर नाबालिग के परिजन मिले उन्होंने सीताराम और विशाल के साथ मारपीट की उसके बाद सीताराम को अपनी गाड़ी में बैठ कर ग्राम नवाखेड़ा ले गए। जहां पूरे परिवार ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और घायल होने पर डायल 112 को कॉल कर आरोप लगाते हुए घायल सीताराम को अस्पताल पहुंचा दिया। रात में ही पुलिस ने जांच शुरू की घायल के बयान दर्ज किए गए। जिसमें बाल विवाह रुकवाने पर मारपीट होने की बात सामने आते ही सीताराम की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया। घायल सीताराम का आरोप था कि उसे अगवा करने वाला नाबालिग का भाई राजा और काका का लड़का गौरव सरगरा शामिल थे। गांव में महिलाओं द्वारा मारपीट की गई। मामले में पुलिस का कहना था कि जल्द ही मारपीट करने वालों को गिरफ्तार कर विवेचना शुरू की जाएगी।

दिवंगत आरक्षक का 7 वर्षीय पुत्र वंश बना बाल आरक्षक

- उज्जैन पुलिस अधीक्षक ने अनुकंपा नियुक्ति पर किए हस्ताक्षर

उज्जैन। नीमच के आरक्षक का अल्प आयु में गंभीर बीमारी से निधन होने पर उज्जैन एसपी द्वारा दिवंगत आरक्षक के 7 वर्षीय पुत्र वंश को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।

12 जून 2025 कोबजिला नीमच के आरक्षक क्रमांक-525 स्वर्गीय मयंक गिरवाल का 32 वर्ष की अल्पायु में गंभीर बीमारी के कारण असामयिक निधन हो गया था। स्व. गिरवाल अपने कर्त्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित सेवाकाल के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, साथ ही आजीविका का संकट भी उत्पन्न हो गया। परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उनकी पत्नी अर्चना गिरवाल द्वारा अपने सात वर्षीय पुत्र वंश गिरवाल को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक, जिला नीमच के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। किन्तु जिला नीमच में उक्त पद रिक्त न होने के कारण यह प्रकरण लंबित रहा। उक्त प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन झोन, उज्जैन द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिनांक 8 मई 2026 को प्रकरण को पुलिस अधीक्षक, जिला उज्जैन को अग्रेषित किया गया। बुधवार को स्वर्गीय आरक्षक का परिवार उज्जैन उपस्थित हुआ, जहां उन्होंने भर्ती संबंधी समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं।

एसपी प्रदीप शर्मा ने ली मामले में विशेष रूचि

उसी दिन पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश, भोपाल के उज्जैन प्रवास के कारण अत्यधिक प्रशासनिक व्यस्तताएं होने के बावजूद इस प्रकरण को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा विशेष रुचि लेते हुए स्व. आरक्षक की पत्नी अर्चना गिरवाल एवं कार्यालय के स्थापना लिपिक नितिन वर्मा को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, उज्जैन में बुलाया गया। जहां समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर बाल आरक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति आदेश पर हस्ताक्षर कर तत्काल प्रदान किया गया।

शिविर में महिला को 5 साल पुरानी थायराइड से मिली मुक्ति

उज्जैन। आधुनिक जीवनशैली में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए शहर में 5 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 तारीख तक चलने वाले इस शिविर में जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य जायसवाल बिना बताए केवल नाड़ी देखकर मरीजों का रोग पहचान रहे हैं और शुद्ध शिलाजीत व आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से उनका सफल उपचार कर रहे हैं।

मीनाक्षी ने बताया कि बिना कोई अंग्रेजी दवा खाए आयुर्वेद के चमत्कार से कुछ ही महीनों में उनका थायराइड धीरे-धीरे कम होकर पूरी तरह खत्म हो गया। आज 5 साल बाद भी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट सामान्य हैं। वैद्य के उपचार से संतुष्ट होकर अब यह परिवार अपनी बेटी सुबोधिनी का भी इलाज करवा रहा है। परिवार ने शिविर में रखी फीडबैक डायरी में भी अपना यह अनुभव और मोबाइल नंबर लिखकर वैद्य जी का आभार व्यक्त किया है।

इन गंभीर बीमारियों का हो रहा सफल इलाज

,शिविर में मुख्य रूप से थायराइड के अलावा लीवर व किडनी की समस्या, मानसिक रोग, स्नायुशूल, पीलिया, हृदय रोग, हाई बीपी, अल्सर, टीबी, क्षयरोग, प्रोस्टेट, गैंग्रीन, चर्म रोग, मोटापा, संतानहीनता, हाथीपांव, कैंसर, मिर्गी, साइनस, साइटिका, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और विभिन्न गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है।

जल गंगा संवर्धन : जल मंदिर का किया शुभारंभ

- जल संरक्षण एवं जनसेवा के इस प्रयास की सराहना

उज्जैन। सेक्टर 1 अंतर्गत ग्राम लुसडावन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जल गंगा समर्थन अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मलखान सिंह, समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश पाटीदार, परामर्शदाता जय नारायण शर्मा, रामगोपाल पाटीदार, बीएसडब्ल्यू विद्यार्थी विनायक शर्मा सहित परमानंद पाटीदार, कैलाश पाटीदार, लोकेश पाटीदार एवं संजय पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने जल संरक्षण एवं जनसेवा के इस प्रयास की सराहना करते हुए अपने सहयोग का संकल्प लिया। जल मंदिर के माध्यम से राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा जो इस तपती धूप में अमृत के समान है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न केवल लोगों की प्यास बुझाना है बल्कि समाज में जल के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है। ग्राम लुसडावन की यह पहल अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक बन रही है।

पोषण पखवाड़ा : आयुर्वेदिक आहार विधि विधान है अत्यंत उपयोगी

उज्जैन। शासकीय आयुर्वेद औषधालय करोहन के द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम डेंडिया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में पोषण थीम पर नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सरपंच सावित्री नरेंद्र पोरवाल ने किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि शिविर में 102 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क आयुर्वेद औषधियां का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. जितेंद्र जैन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी करोहन ने ग्रामीणों को बताया कि भारत सरकार द्वारा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस आठवें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत डॉ. जैन ने मातृ एवं शिशु पोषण, बाल मस्तिष्क के विकास के लिए प्रारंभिक संवर्धन, प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा, व बच्चों के स्क्रीन टाइम को न्यूनतम करने के लिए अभिभावकों को जानकारी दी। सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. इरफान खान ने बच्चों को आयुर्वेदिक आहार विधि विधान, मात्रा पूर्वक आहार के बारे में जानकारी साझा की। योग प्रशिक्षक रेखा मालवीय ने योग कराया। इस अवसर पर सपना नागदेवानी, सोरमबाई, राहुल डाबी, दिनेश चौहान आदि का विशेष सहयोग रहा।

महाकाल में अभिनेत्री ▶ मीडिया से कहा इस मंदिर में शांति मिल रही है फिर आना चाहूंगी

अभिनेत्री जानकी महाकाल आई, नंदी हॉल से किए दर्शन

उज्जैन। अभिनेत्री जानकी बोड़ीवाला ने बुधवार की सुबह महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नंदी हॉल से पूजन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

मंदिर में लगातार फिल्मी दुनिया के लोग दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को शैतान, छेलौ दिवस, नाड़ी दोष, वश, त्रिशा ऑन द रॉक्स जैसे अनेक फिल्मों में अपने अभिनय का जादू दिखाने वाली जानकी बोड़ीवाला भी बाबा के दरबार में पहुंची। उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे जो शांति मिल रही है वो कही नहीं मिली। मैं बार-बार यहां आना चाहूंगी। उन्होंने मंदिर में दर्शन व्यवस्था की भी तारीफ की।

ठंडे पानी के लिए दान में दिया टैंकर

उज्जैन। महाकाल के दरबार में एक से बढ़कर एक दानदाता आते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार कुछ न कुछ दान करते रहते हैं। जिसमें सबसे अधिक तो बाबा के श्रृंगार के लिए सोने और चांदी के मुकुट और कंठी माला शामिल है। अगर देखा जाए तो महाकाल मंदिर में चांदी अधिक दान में आती है। ऐसे ही एक भक्त मुंबई निवासी अमित पोपटलाल है जिन्होंने गर्मी में श्रद्धालुओं को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक टैंकर ही दान कर दिया। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जाती है। बुधवार को भक्त पोपटलाल पांचाल मंदिर पहुंचे और समिति के अधिकारियों को पूजन के बाद टैंकर उपयोग के लिए सोपा। भक्त ने बताया कि गर्मी के दौरान पीने का ठंडा पानी आसानी से सुविधानुसार उपलब्ध हो इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिर समिति को यह टैंकर दान किया है जो कि गाड़ी सहित है। जिसे कही भी ले जाकर खड़ा किया जा सकेगा। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने दानदाता का सम्मान किया।